Need to provide Mining Research University in Kanker, Chhattisgarh-laid

श्री मोहन मंडावी (कांकेर): उत्तर बस्तर कांकेर जिसे 1998 में एक जिला के रूप में पहचान मिली यह मेरे संसदीय क्षेत्र का महत्वपूर्ण हिस्सा है जिसका कुल क्षेत्रफल लगभग 5285 वर्ग किलोमीटर है. पहाड़, वनस्पति एवं वन संपदा होने के साथ साथ यह एक पहाड़ी क्षेत्र है । हमारा लोकसभा क्षेत्र आदिवासी बाहुल्य है एवं इस वर्ग के छात्रों को शिक्षा के लिए काफी मूल परेशानियों का सामना भी करना पड़ता है । हमारे लोकसभा क्षेत्र के कच्चे आरीडोंगरी, हाहालदी, मेटाबोदली, रावघाट भैंसाकन्हार, चेमल, चारगाँव महामाया एवं दल्ली- राजहरा के खदानों में उच्च गुणवत्ता वाले लौह अयस्क के भंडार है, माननीय हमारा संसदीय क्षेत्र खनन में काफी समृद्ध है, एवं दूसरे अन्य देशों की भाँति यहाँ भी खनन के ऊपर शोध व इसके व्यापक आयामों के अध्ययन हेतु एक मूलभूत ढाँचे की आवश्यकता है अत: मै माननीय प्रधानमंत्री जी से मांग करता हूं कि हमारे लोकसभा क्षेत्र में भी एक खनन शोध विश्वविद्यालय दिया जाए ताकि हमारे क्षेत्र के लोगों को अध्ययन शोध व संबंधित शिक्षा के क्षेत्र में नई दिशा मिल सके ।